आकाशवाणी शिमला

24.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

पंचायत चुनाव

प्रदेश में 26 मई को होने वाले पहले चरण के पंचायत चुनावों के लिए चुनाव प्रचार आज थम गया है। प्रचार अभियान थमने के बाद अब उम्मीदवार केवल घर–घर जाकर व्यक्तिगत संपर्क अभियान चला सकेंगे। पहले चरण के मतदान के लिए विभिन्न ज़िलों में पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद इन चुनावों को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। चुनाव आयोग ने पूरे प्रदेश में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी में करीब 35 हजार कर्मचारियों की तैनाती की गई है। पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के लिए 28 मई जबकि तीसरे चरण के लिए 30 मई को वोट डाले जाएंगे।

मतदान दल

प्रदेशभर में मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग ने लोकतंत्र के इस महापर्व में लोगों से बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाने का आहवान किया है। इस बीच पहले चरण के मतदान के लिए चंबा ज़िले की एक सौ 18, हमीरपुर ज़िले में 83, कुल्लू ज़िले में 84 जबकि लाहौल स्पीति ज़िले में 12 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा पहले चरण में बिलासपुर ज़िले की 62 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा।

इस्तीफा

लाहौल–स्पीति ज़िले में पंचायत चुनाव से ठीक पहले भाजपा के 71 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार इस्तीफे का मुख्य कारण कार्यकर्ताओं की अनदेखी सहित ज़िला भाजपा अध्यक्ष की कार्यप्रणाली को माना जा रहा है।

अवार्ड

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर को एक बार फिर प्रतिष्ठित संसद रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें ये सम्मान उनकी अध्यक्षता वाली कोयला, स्टील व खान संसदीय स्थायी समिति के उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। अनुराग ठाकुर को वर्ष 2019 में भी लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

टीकाकरण

स्वास्थ्य विभाग ने ह्यूमन पैपीलोमा वायरस टीकाकरण अभियान के तहत आज बिलासपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 41 बेटियों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि अभियान के अगले चरण के तहत 31 मई को भी बिलासपुर ज़िले के 30 चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों में शिविर लगाए जाएंगे, ताकि छूटी हुई पात्र बालिकाओं को टीकाकरण का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि ये टीकाकरण बेटियों को भविष्य में सर्विकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

रक्तदान

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा नाहन में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। संत निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज विवेक कालिया ने बताया कि मानवता के कल्याण और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से मिशन द्वारा समय–समय पर इस तरह के रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं।

परीक्षाएं

भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित अन्य राजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षाएं 18 जून से 27 जून तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं का आयोजन शिमला स्थित राजकीय महाविद्यालय संजौली में किया जाएगा। परीक्षा की संशोधित समय सारणी डॉक्टर मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान की वैबसाईट पर उपलब्ध है।

———————————